Class 4 assingnment P.A - 3 subject – hindi

## पठन विभाग

क) किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

1 तीन मित्र कौन- कौन थे ?

उत्तर- तीन मित्र दो हंस एक कछुआ थे

2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

उत्तर - हंसों को तालाब से जाने की समस्या थी

3. तालाब सूख गया, क्योंकि

उत्तर - बहुत गरमी थी

4. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर

उत्तर - तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

5. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:

उत्तर -अपना नुकसान स्वयं करना

ख) एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चारों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने

की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात-भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, "भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात-भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।"

1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?
उत्तर-चोर
2. तेनालीराम ने संदूक मे क्या भरा?
उत्तर - तेनालीराम ने संदूक मे ईट - पत्थर भरा

3. तेनालीराम ने रुपए-पैसे और कीमती सामान कहाँ रखा?
क)घरमें
4. संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया ?

उत्तर - कुएँ से पानी निकालने लगे

# लेखन विभाग

## प्रश्न 1] निम्नलिखित निबंध लिखिए

दीपावली

भारत त्योहारों का देश है, यहां कई प्रकार के त्योहार पूरे साल ही आते रहते हैं लेकिन दीपावली सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। यह त्योहार पांच दिनों तक चलने वाला सबसे बड़ा पर्व होता है। इस त्योहार का बच्चों और बड़ों को पूरे साल इंतजार रहता है। कई दिनों पहले से ही इस उत्सव को मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती है।

इस दिन भगवान श्रीराम' माता सीता और भ्राता लक्ष्मण चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अपने घर अयोध्या लौटे थे। इतने सालों बाद घर लौटने की खुशी में सभी अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपों का त्योहार दीपावली मनाया जाने लगा।

यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। अमावस्या की अंधेरी रात जगमग असंख्य दीपों से जगमगाने लगती है। यह त्योहार लगभग सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस त्योहार के आने के कई दिन पहले से ही घरों की लिपाई-पुताई, सजावट प्रारंभ हो जाती है। इन दिन पहनने के लिए नए कपड़े बनवाए जाते हैं, मिठाइयां बनाई जाती हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है इसलिए उनके आगमन और स्वागत के लिए घरों को सजाया जाता है।

यह त्योहार पांच दिनों तक मनाया जाता है। धनतेरस से भाई दूज तक यह त्योहार चलता है। धनतेरस के दिन व्यापार अपने नए बहीखाते बनाते हैं। अगले दिन नरक चौदस के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना अच्छा माना जाता है। अमावस्या यानी कि दिवाली का मुख्य दिन, इस दिन लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। खील-बताशे का प्रसाद चढ़ाया जाता है।

नए कपड़े पहने जाते हैं। फुलझड़ी, पटाखे छोड़े जाते हैं। दुकानों, बाजारों और घरों की सजावट दर्शनीय रहती है। अगला दिन परस्पर भेंट का दिन होता है। एक-दूसरे के गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी जाती हैं। लोग छोटे-बड़े, अमीर-गरीब का भेद भूलकर आपस में मिल-जुलकर यह त्योहार मनाते हैं।

## महात्मा गाँधी

### महात्मा गाँधी का प्रारंभिक जीवन

महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर सन् 1867 को, पश्चिम भारत (वर्तमान गुजरात) के एक तटीय शहर में हुआ। इनके पिता का नाम करमचंद गाँधी तथा माता का नाम पुतलीबाई था। महात्मा गाँधी के पिता कठियावाड़ के छोटे से रियासत (पोरबंदर) के दिवान थे। आस्था में लीन माता और उस क्षेत्र के जैन धर्म के परंपराओं के कारण गाँधी जी के जीवन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा। जैसे की आत्मा की शुद्धि के लिए उपवास करना आदि। 13 वर्ष की आयु में गाँधी जी का विवाह कस्तूरबा से करवां दिया गया था।

### महात्मा गाँधी की शिक्षा दीक्षा

गाँधी जी का बचपन में पढ़ाई में मन नहीं लगता था पर बचपन से ही उन्हें उचित अनुचित में फर्क पता था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा पोरबंदर से संपन हुई, हाईस्कूल की परिक्षा इन्होंने

राजकोट से दिया। और मैट्रीक के लिए इन्हें अहमदाबाद भेज दिया गया। बाद में वकालत इन्होंने लंदन से संपन्न किया।

**महात्मा गाँधी का शिक्षा में योगदान**

महात्मा गाँधी का यह मानना था भारतीय शिक्षा सरकार के नहीं अपितु समाज के अधिन है। इसलिए महात्मा गाँधी भारतीय शिक्षा को 'द ब्यूटिफुल ट्री' कहा करते थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा। भारत का हर नागरिक शिक्षित हो यही उनकी इच्छा थी। गाँधी जी का मूल मंत्र 'शोषण विहिन समाज की स्थापना' करना था।

**गाँधी जी के आधारभूत शिक्षा सिद्धांत**

- 7 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए।
- शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो।
- साक्षरता को शिक्षा नहीं कहा जा सकता।
- शिक्षा बालक के मानवीय गुणों का विकास करता है।

**निष्कर्ष**

बचपन में गाँधी जी को मंदबुद्धि समझा जाता था। पर आगे चल कर इन्होंने भारतीय शिक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## व्याकरण विभाग

### प्रश्न 1]निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर वाक्यों के प्रकार बताइये

- भारत एक देश है — विधानवाचक वाक्य
- राम के पिता का नाम दशरथ है — विधानवाचक वाक्य
- दशरथ अयोध्या के राजा हैं — वाक्य विधानवाचक
- हुमायूं किसका पुत्र था? — प्रश्नवाचक वाक्य
- राम के पिता कौन थे? — प्रश्नवाचक वाक्य
- राजा जनक कहाँ के राजा थे? — प्रश्नवाचक वाक्य
- मैंने दूध नहीं पिया। — निषेधवाचक वाक्य
- मैंने खाना नहीं खाया। — निषेधवाचक वाक्य
- बैठो। — आज्ञावाचक वाक्य

- बैठिये। <u>आज्ञावाचक वाक्य</u>
- कृपया बैठ जाइये। <u>आज्ञावाचक वाक्य</u>
- शांत रहो। <u>आज्ञावाचक वाक्य</u>
- कृपया शांति बनाये रखें। <u>आज्ञावाचक वाक्य</u>
- क्या वह यहाँ आ गया? <u>संदेहवाचक वाक्य</u>
- क्या उसने काम कर लिया? <u>संदेहवाचक वाक्य</u>
- अहा! कितना सुन्दर उपवन है। <u>विस्मयादिवाचक वाक्य</u>
- ओह! कितनी ठंडी रात है। <u>विस्मयादिवाचक वाक्य</u>
- बल्ले! हम जीत गये। <u>विस्मयादिवाचक वाक्य</u>
- भगवान तुम्हे दीर्घायु करे। <u>इच्छावाचक वाक्य</u>
- नववर्ष मंगलमय हो। <u>इच्छावाचक वाक्य</u>
- राम का मकान उधर है। <u>संकेतवाचक वाक्य</u>
- सोनु उधर रहता है। <u>संकेतवाचक वाक्य</u>

प्रश्न 2] निम्नलिखित शब्दों विलोम शब्द लिखिए

| | |
|---|---|
| दिन | रात |
| सुबह | शाम |
| सत्य | असत्य |
| ज्ञान | अज्ञान |
| नवीन | प्राचीन |
| मान | अपमान |
| अंतर्मुखी | बहिमुखी |
| आजाद | गुलाम |
| अधिकतम | न्यूनतम |
| अंधेरा | उजाला |
| अतिविर्ष्टि | अनावृष्टि |
| अत्यधिक | अत्यअल्प |
| अंतरंग | बाहरी |
| अंधकार | प्रकाश |
| अंदर | बाहर |
| अंदरूनी | बाहरी |
| अगम | सुगम |

| | |
|---|---|
| सक्षम | अक्षम |
| अनुकूल | प्रतिकूल |
| अनुज | अग्रज |
| अनुराग | विराग |
| चल | अचल |
| अमृत | विष |
| अल्पसंख्यक | बहुसंख्यक |
| अनुरक्ति | विरक्ति |
| अगला | पिचला |
| पूवावहन | अपराहन |
| खाद्य | अखाद्य |
| पुरातन | अधुनातन |
| चर | अचर |
| ज्ञानी | अज्ञानी |
| अकर्मण्य | कर्मण्य |
| सुकीर्ति | अपकीर्ति |
| आदि | अंत |
| नित्य | अनित्य |
| अपना | पराया |
| लोकिक | अलोकिक |

प्रश्न -2] निम्नलिखित वाक्यों मे से क्रिया विशेषण के भेद पहचान के लिखिए

| वाक्य | भेद |
|---|---|
| 1] वह शीघ्र आएगा। | रीतिवाचक क्रियाविशेषण |
| 2] विहान ऊपर पढ़ रहा है। | स्थानवाचक क्रियाविशेषण |
| 3]बालिका धीरे-धीरे बोलती है। | रीतिवाचक क्रियाविशेषण |
| 4]हम सब आज ही जाएंगे। | कालवाचक क्रियाविशेषण |

5]वह अधिक बोलता था। <u>परिमाणवाचक क्रियाविशेषण</u>

6] इस बार गरमी अधिक पड़ रही है <u>परिमाणवाचक क्रियाविशेषण</u>

7] फूलदान जोर से गिरा <u>रीति वाचक क्रियाविशेषण</u>

8] क्या तुम कल लौटोगे <u>काल वाचक क्रियाविशेषण</u>

9] रीना बहार खेल रही है <u>स्थान वाचक क्रियाविशेषण</u>

10] मनदीप इस ओर चला आ रहा है <u>स्थान वाचक क्रियाविशेषण</u>

## साहित्य विभाग

--**वैकल्पिक प्रश्नो के उत्तर लिखिए।**

१:स्याही को किसने बिखेरा?

उत्तर:(क)बिल्ली ने **(ख) चूहे ने**

(ग) बच्चे ने (घ) कूत्ते ने

२:दोने मे क्या रखा हुआ था?

उत्तर:**(क) मिठाई** (ख)पूडी

(ग) सब्जी (घ)कचौडी

३:तस्वीर के कितने टुकडे हो गए?

उत्तर:(क)तीन (ख)चार

**(ग) दो** (घ) पाँच

४:खलीता मे अनजाने मे क्या गिर जाता है?

उत्तर:(क)दूध **(ख)पैसा**

(ग) पानी (घ)रोटी

५: शरारती जीव क्या नही करने देता?

उत्तर:(क)खेलने (ख)पढने

(ग)सोने (घ)जाने

उत्तरः(क) धन के लिए

(ग) भोजन के लिए

३ःगाँधीजी और उनके साथी कहाँ बैठकर योजना बना रहे थे?

**वैकल्पिक प्रश्नो के उत्तर लिखिए।**

१ःगाँधीजी के आश्रम मे रहने वाला धनी कितने साल का था?

उत्तरः(क) सात (ख)आठ

**(ग) नौ** (घ)दस

२ःगाँधीजी की तरह सभी लोग किसके लिए लड रहे थे?

(क) धन के लिए (ख) भारत की स्वतंत्रता के लिए

(ग) भोजन के लिए योजना के लिए

पश्न 3 गांधीजी और उनके साथी कहाँ बैठकर योजना बना रहे थे

उत्तरः(क) बगीचे मे **(ख)कमरे मे**

(ग) बरामदे मे (घ)आश्रम मे

४ःधनी ने बिन्नी को किससे बाँधा?

उत्तरः**(क) नीबू के पेड़ से** (ख)आम के पेड से

(ग) झाडी से (घ)रस्सी से

५ःगाँधीजी अपनी यात्रा पर किस प्रकार जा रहे थे?

उत्तरः(क)बस से (ख)ट्रेन से

**(ग) पैदल** (घ)हवाई जहाज से

**निन्मलिखित प्रश्नो के अति लघु उत्तर लिखिए।**

१ःकविता मे किसके बारे मे बताया गाय है?

**उ-१ चूहे के बारे।**

**प्र-२ पूरे घर में शरारती जीवन ने क्या बिखरे दिया था ?**

**उ-२ पोथी के पन्ने ।**

**प्र-३ कूड़ा कौन बिनता है?**

**उ-३ कबाड़ी ।**

**प्र:४ बिन्नी कौन थी ?**

**उ:४ बिन्नी बकरी थी ।**

प्र:५ धनी और उसके माता-पिता कहां रहते थे?

उ:५ धनी और उसके माता-पिता साबरमती आश्रम में रहते थे।

प्र:६ गांधी जी कहां जा रहे थे?

उ:६ गांधी जी दांडी यात्रा जा रहे थे।

## प्र-२ लघु उत्तरीय प्रश्न।

प्र-१ दोना खाली क्यों रह गया ?

उ-१ क्यों की मिठाई चूहा ले गया ।

प्र-२ रात भर कौन जगता.है ?

उ-२ चूहा रात भर जगता है ।

प्र-३ स्याही को किसने बिखराया है ?

उ-३ स्याही को चूहे ने बिखराया है ।

प्र:३गांधी जी किसी बात का विरोध करने के लिए क्या करते थे?

उ:३गांधीजी किसी बात का विरोध करने के लिए सत्याग्रह का जुलूस निकालतेथे।

प्र:२धनीने बापू जी से मिलने का निश्चय क्यों किया?

उ:२धनी ने बापू जी से मिलने का निश्चय इसलिए किया क्योंकि वह भी दांडी यात्रा पर जाने की अनुमति लेना चाहता था।

प्र:२साबरमती आश्रम में सब को क्या करना पड़ता था?

उ:२साबरमती आश्रम में सब को कोई ना कोई काम करना पड़ता था।